जबलपुर | रविवार I 17 मई 2026 I वर्ष 77 I अंक 114 I पृष्ठ 12 I मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 ट्रंप-शी वार्ता- कूटनीति की चमक में छिपी प्रतिस्पर्धा


6 मानव जीवन: ईश्वर की अमूल्य पूंजी


7 पुरुषोत्तम मास आज से प्रारंभ


8 रूड ने रोम में डार्डेरी को 6-1 से हराया

## एक नजर में

### तेहरान के खिलाफ हमले में शामिल होना गलत: यूएई

नई दिल्ली. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नयी दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानकारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है.

### आंध्र प्रदेश में तीसरे और चौथे बच्चे पर पुरस्कार

नई दिल्ली. आंध्र प्रदेश की मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की घटती जनसंख्या को बढ़ाने के लिए एक नई आर्थिक प्रोत्साहन योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत तीसरे बच्चे के जन्म पर दंपत्ति को 30,000 रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40,000 रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दशकों में दक्षिण भारत के राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर उत्तर भारत की तुलना में कम रही है, और इसका प्रभाव लोकसभा परिसीमन और राज्य की राजनीतिक ताकत पर भी पड़ता है. नायडू ने यह योजना श्रीकाकुलम जिले में प्रस्तुत करते हुए कहा कि बच्चों को बोझ मानने की मानसिकता को बदलना जरूरी है। उनका कहना है कि बच्चे परिवार की असली संपत्ति हैं और सही दिशा में प्रोत्साहित किए जाने पर यह समाज और देश के लिए लाभकारी साबित होंगे.

### एनटीए में दो संयुक्त निदेशक की नियुक्ति

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) में दो संयुक्त निदेशक की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर यह निर्णय लिया।जारी आदेश के मुताबिक भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस-आईटी) 2013 बैच के अधिकारी आकाश जैन को उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत एनटीए में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति लेटरल शिफ्ट के आधार पर की गई है और उनका कार्यकाल चार दिसंबर 2029 तक अथवा अगले आदेश तक रहेगा।इसके अलावा भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा 2013 बैच के अधिकारी आदित्य राजेंद्र भोजगढिया को भी एनटीए में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया.

# भारत के चार बड़े लक्ष्य घोषित

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड्स में कहा-भारत बड़े सपने देख रहा है

**नई दिल्ली, 16 मई. पीएम मोदी कल अपने दौरे के दूसरे दिन एम्स्टर्डम पहुंचे. नीदरलैंड की राजधानी में उतरने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की प्रक्रिया ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई गति प्रदान की है और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खोले हैं.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड्स के हेग शहर में प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के चार बड़े लक्ष्यों का ऐलान किया और कहा कि भारत बड़े सपने देख रहा है. उन्होंने कहा कि ओलंपिक होस्ट करना, देश को विकास का इंजन बनाना, डिजिटल लेन-देन और स्टार्टअप्स के माध्यम से आर्थिक समृद्धि बढ़ाना और मजबूत वैश्विक सप्लाई चेन का निर्माण करना मुख्य लक्ष्य हैं. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि द हेग शहर अब भारतीय मित्रता



का प्रतीक बन गया है। उनका संदेश था कि पासपोर्ट, एड्रेस या समय क्षेत्र बदल सकता है, लेकिन मां भारती की संतानें हर जगह अपनी गर्मजोशी और जीवन का जश्न बनाए रखती हैं.

मोदी ने कहा, कि एम्स्टर्डम पहुंच गया हूं. नीदरलैंड की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते ने व्यापार और निवेश संबंधों को काफी बढ़ावा दिया है. यह सेमीकंडक्टर, जल, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है.

### स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या ताकत में प्रगति

मोदी ने अपने संबोधन में 2014 से अब तक की प्रगति का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि 16 मई 2014 को स्थिर बहुमत वाली सरकार बनी और तब से भारत ने डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या और वैश्विक आर्थिक ताकत में उल्लेखनीय प्रगति की है.

### नीदरलैंड में 90,000 से ज्यादा रहते हैं भारतीय

नीदरलैंड में 90,000 से ज्यादा नॉन-रेजिडेंट भारतीय और भारतीय मूल के लोग रहते हैं, साथ ही सूरीनाम हिंदुस्तानी समुदाय के 200,000 से ज्यादा सदस्य भी रहते हैं. इसके अलावा, अभी देश भर की अलग-अलग यूनिवर्सिटी में करीब 3,500 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा ले रहे हैं.

### नीदरलैंड में पीएम मोदी का प्रवासी भारतीयों के साथ संबोधन के मुख्य बिंदु

| | |
|---|---|
| 1 यूरोप में भारत की एंट्री का गेटवे | भारतीय बिजनेस के लिए नीदरलैंड यूरोप में एंट्री का नैचुरल गेटवे बनेगा। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को दोनों देशों के बीच भरोसेमंद ब्रिज बताया। |
| 2 विश्व संकटों पर चिंता | दुनिया कई संकटों से जूझ रही हैं। हालात नहीं बदले तो दुनिया की बड़ी आबादी गरीबी की ओर जा सकती है। उन्होंने कोरोना, युद्ध और एनर्जी क्राइसिस पर चिंता जताई। |
| 3 भारत स्टार्टअप हब बना भारत | अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। देश में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं. |
| 4 डिजिटल पेमेंट में भारत आगे | भारत में एक साल में 20 बिलियन से ज्यादा यूपीआई ट्रांजैक्शन हुए। दुनिया के आधे डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में हो रहे हैं। |
| 5 चिप भी मेड इन इंडिया होगी | भारत एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट्स पर काम चल रहा है, जिनमें से 2 में प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। |
| 6 16 मई का खास दिन | 16 मई खास दिन है क्योंकि इसी दिन 12 साल पहले यानी साल 2014 में भारत में 30 साल बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी। |
| 7 प्रवासी भारतीयों की तारीफ | नीदरलैंड में भारतीयों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दोनों देशों के बीच मजबूत और भरोसेमंद कड़ी का काम कर रहे हैं। |

# नीट मामले में एक और मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 16 मई. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है. सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है. वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं और उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया था.**

पिछले 24 घंटों के दौरान, सीबीआई ने देशभर में छह स्थानों पर तलाशी ली और कई



आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किये हैं. जब्त की गयी सामग्री का विस्तृत विश्लेषण फिलहाल जारी है। शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक के संबंध में दर्ज लिखित शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 12 मई को मामला दर्ज किया था। इसके तुरंत बाद विशेष टीमें गठित की गयीं और देशभर में कई स्थानों पर तलाशी ली गयी। इस दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गयी.

### गिरफ्तार किए दो अन्य आरोपी पुणे अदालत में पेश

गिरफ्तार किये गये दो अन्य आरोपियों को पुणे की एक अदालत में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने के बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया. अब उन्हें दिल्ली की एक अदालत में पेश किया जा रहा है. अब तक की गयी जांच में कथित तौर पर रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान पेपर लीक के वास्तविक स्रोत का पता चला है. साथ ही उन बिचौलियों का भी खुलासा हुआ है, जो उन छात्रों को जुटाने में शामिल थे, जिन्होंने कथित तौर पर उन विशेष कोचिंग कक्षाओं में शामिल होने के लिए लाखों रुपये दिये थे, जहां नीट-यूजी 2026 परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों को लिखवाया और उन पर चर्चा की गयी थी.

# अलसुबह से ही जयकारों से गूंजी भोजशाला...

## हाई कोर्ट के आदेश के दूसरे दिन भी प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर

संजय बाजपेई

**धार, 16 मई. ऐतिहासिक भोजशाला को हाई कोर्ट द्वारा वाग्देवी मंदिर माने जाने के बाद शनिवार सुबह से ही यहां पूजा-अर्चना शुरू हो गई. सूर्योदय से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वाग्देवी के दर्शन और पूजन के लिए भोजशाला पहुंचे. मंदिर जयकारों की आवाज से गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने मां वाग्देवी की आरती कर फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जाहिर की.**

उधर, प्रशासन भी कानून-



व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलर्ट मोड पर रहा. गौरतलब है कि इंदौर हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एएसआई सर्वे रिपोर्ट और उपलब्ध पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला परिसर को मंदिर माना है. साथ ही 2003 के उस आदेश को निरस्त कर दिया गया, जिसमें शुक्रवार को नमाज की अनुमति दी गई थी.

### विशाल फ्लैग मार्च निकाला

शनिवार को दूसरे दिन भी एडिशनल एसपी विजय डावर और सांवेर एसडीओपी देवेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में शहर में विशाल पुलिस फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों, व्यस्त बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा. इस दौरान भारी पुलिस बल, दंगा नियंत्रण वाहन और सुरक्षा जवान तैनात रहे. पुलिस अधिकारियों ने आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है.

# वाड्रा को जमीन मामले में अग्रिम जमानत

- कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया, कोई शर्त नहीं
- रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली, 16 मई. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा को शिकोहपुर जमीन सौदा केस में प्री-अरेस्ट बेल दे दी. कोर्ट ने ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया और वाड्रा को समन किया. जमानत देते समय किसी भी अतिरिक्त शर्त की आवश्यकता नहीं समझी गई.**

सुनवाई के दौरान वाड्रा ने कहा कि ईडी सरकार के इशारे पर काम



करती है और एजेंसी निष्पक्ष नहीं है, लेकिन उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने अदालत को सूचित किया कि एजेंसी अभी भी जांच कर रही है और विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय चाहिए. अदालत ने अगली सुनवाई 10 जुलाई के लिए तय की. इस मामले की पृष्ठभूमि यह है कि वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में ओमकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ में खरीदी और इसे बाद में 58 करोड़ में डीएलएफ को बेचा. ईडी का दावा है कि इस लेन-देन में मनी लॉन्ड्रिंग की संभावना है. जुलाई 2025 में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई और चार्जशीट में वाड्रा को नामित किया गया. इसके अलावा, वाड्रा को ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े लेन-देन में भी आरोपी बनाया गया है. संजय भंडारी 2016 में भारत से भाग गए थे और उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया. ईडी ने वाड्रा को 9वें आरोपी के रूप में चार्जशीट में शामिल किया.

# अधिकारी ने पत्नी की हत्या कर खुद को मारी गोली

- जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा का मामला

**श्रीनगर, 16 मई. जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में कल रात एक पुलिस उपनिरीक्षक ने पुलिस आवासीय परिसर में अपनी पत्नी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और उसके बाद अपने सर्विस हथियार से खुद को भी गोली मार कर घायल कर लिया.**

इस पुलिस अधिकारी की पहचान प्रोबेशन पर नौकरी कर रहे उपनिरीक्षक दीप सिंह चिब के रूप में हुई है. चिब पर आरोप है कि उसने रात करीब 11-30 बजे कांडी कुपवाड़ा कैंप स्थित अपने निवास पर पत्नी भावना जमवाल पर अपने सर्विस हथियार से गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. इसके बाद चिब ने उसी हथियार से खुद को गोली मार ली, उसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमॉर्टम और दूसरी जांच पड़ताल के लिए कब्जे में ले लिया गया है.

# सेना प्रमुख की पाकिस्तान को दो टूक

## आतंकवाद का समर्थन करेगा तो मिटा दिया जाएगा मानचित्र से :जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली 16 मई. सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि उसे तय करना होगा कि वह विश्व मानचित्र पर अपनी पहचान बनाए रखना चाहता है या आतंकवादियों को आश्रय देने और भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधि जारी रखकर खुद को इतिहास से मिटाने का जोखिम लेना चाहता है.**

शनिवार को यहां मानेकशॉ



सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र में यह पूछे जाने पर कि अगर ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां फिर से उत्पन्न होती हैं तो भारतीय सेना कैसा जवाब देगी, तो जनरल द्विवेदी ने दो टूक उत्तर देते हुए कहा कि अगर आपने पहले मेरी बातें सुनी हैं, तो मैंने कहा है कि पाकिस्तान अगर आतंकवादियों को पनाह देता रहा और भारत के खिलाफ गतिविधियां करता रहा, तो उसे तय करना होगा कि वह भौगोलिक मानचित्र का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का. सेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत के शीर्ष सैन्य नेतृत्व की ओर से एक मजबूत चेतावनी के रूप में देखी जा रही है जो यह संकेत देती है कि सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत की सहनशीलता सीमित है.

# एसडीओपी, एसडीएम, नायब तहसीलदार सहित 4 निलंबित

   

- देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट
- प्रशासन का हादसे को लेकर सख्त रुख

नवभारत न्यूज

**देवास, 16 मई. मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के बाद प्रशासन और पुलिस विभाग में बड़ा एक्शन देखने को मिला. उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने टोंकखुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना और नायब तहसीलदार रवि शर्मा को निलंबित कर दिया.**

देवास एसपी पुनीत गेहलोत ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए टोंककला चौकी प्रभारी रमनदीप हुंडल को निलंबित कर दिया है. शासन स्तर से सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे को भी निलंबित किया है.

जानकारी अनुसार देवास जिले के टोंक खुर्द में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो चुकी है. मौका स्थल पर राहत कार्य अभी भी जारी हैं. हादसे के बाद लगातार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठ रहे हैं. उज्जैन संभागायुक्त सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए टोंकखुर्द एसडीएम संजीव सक्सेना और नायब तहसीलदार रवि शर्मा को निलंबित कर दिया. आदेश में इन पर फैक्ट्री निरीक्षण, विस्फोटक सामग्री की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्थाओं के परीक्षण में गंभीर लापरवाही का उल्लेख किया गया है.

वहीं शासन स्तर से सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे को भी निलंबित किया गया है. उन पर फैक्ट्री संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त निगरानी नहीं रखने आदि आरोप हैं. प्रशासन का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच करवाई जा रही है. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जा सकती है. वहीं घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और फैक्ट्री संचालन को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है.

संबोधन | 'फ्रैगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन' एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन का किया शुभारंभ

# तकनीक से अनजान लोगों तक पहुंचाए डिजिटल सुधार: सीजेआई

**जबलपुर, 16 मई. देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि अब न्यायपालिका को 24×7 कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. साथ ही तकनीकी बदलावों के दौर में आम लोगों का भरोसा बनाए रखना जरूरी है.**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इन्फर्मेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के 9 जज, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे.



जबलपुर में 'फ्रैगमेंटेशन टू फ्यूजन: एम्पॉवरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन' विषय पर सेमिनार को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि न्याय व्यवस्था में इस्तेमाल होने वाले नए सॉफ्टवेयर की भाषा सरल होनी चाहिए और ग्रामीण व तकनीक से अनजान लोगों तक डिजिटल सुधारों की जानकारी पहुंचाने के लिए स्थानीय स्तर पर पैरालीगल वॉलंटियर्स तैयार किए जाने चाहिए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम-बेताल की कहानियों का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने में न्याय व्यवस्था की सबसे अहम भूमिका होती है.

पृष्ठ 12 भी देखे...

### सीजेआई ने कॉकरोच कमेंट पर पेश की सफाई

नई दिल्ली. मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. सूर्यकांत ने हाल ही में कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से किए जाने वाले बयान पर सफाई पेश की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि मीडिया ने उनकी मौखिक टिप्पणियों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया, जिससे ऐसा प्रतीत हुआ कि उन्होंने देश के युवाओं की आलोचना की। सीजेआई ने कहा कि उनका इशारा उन पेशेवरों की ओर था, जिन्होंने नकली और फर्जी डिग्रियों के सहारे वकालत और अन्य पेशों में प्रवेश किया और समाज में परजीवी की तरह कार्य करते हैं.